दिन– मंगलवार

दिनांक– 03 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्रीमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने वायु सेना के एसयू–थर्टी एमकेआई विमानों के लिए दो सौ चालीस एयरो इंजन की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

02. केन्द्र सरकार ने तेईसवें विधि आयोग के गठन की अधिसूचना जारी की। इकतीस अगस्त दो हजार सत्ताईस तक होगा कार्यकाल।

03. बक्सर के मूर्तिकार पिन्टू प्रसाद को हस्तशिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

04. और, पेरिस पैरालिंपिक्स में सुमित अंतिल ने भाला फेंक प्रतिस्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। निशानेबाज अवनी लेखरा आज दूसरे स्वर्ण के लिए खेलेंगी।

---

केन्द्रीय मंत्रीमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने भारतीय वायु सेना के एसयू–थर्टी एमकेआई विमानों के लिए दो सौ चालीस एयरो इंजन की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव को हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड से सभी करों सहित छब्बीस हजार करोड़ रुपये की लागत वाली भारतीय श्रेणी में क्रय के वर्ग में स्वीकृति दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इन एयरो इंजन को सौंपने का काम एक वर्ष बाद शुरू होगा और इसे आठ वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा। ये इंजन चौवन प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बने हैं और इनके कुछ प्रमुख घटकों को देश में ही तैयार किया गया है। इनका निर्माण हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के कोरापुट प्रभाग में किया जाएगा।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए चौदह हजार दो सौ पैंतीस करोड़ रुपये की लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने दो हजार आठ सौ सत्रह करोड़ रुपये की लागत वाली डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी है।

–––बाईट–––

डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, इसमें दो फाउंडेशनल पिलर्स रहेंगे। एक एग्रीस्टैक और दूसरा डिसिजन सपोर्ट सिस्टम। एग्री स्टैक में सारा बेसिक डेटा– किसानों का डेटा, जमीन का डेटा, क्रॉप का डेटा, ये सब रहेगा और कृषि डिसिजन सपोर्ट सिस्टम में वाटर की एवेलिबिलिटि, ग्राउंड वाटर की एवेलिबिलिटि, वेदर रिलेटेड डेटा कई तरह के जो किसानों को फैसले लेने के टाइम में जो इनफोर्मेशन और सांइटिफिक टैक्टिसेज चाहिए होती हैं वो सारे रहेंगे।

मंत्रिमंडल ने खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए तीन हजार नौ सौ उनासी करोड़ रुपये के लागत वाली योजना को मंजूरी दी है। यह पहल किसानों को जलवायु परिवर्तन के लिए तैयार करेगी और दो हजार सैंतालीस तक खाद्य सुरक्षा प्रदान करेगी।

---

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में स्टार्ट–अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष, एग्रीश्योर और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। वे कृषि अवसंरचना निधि– एआईएफ उत्कृष्टता पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

केन्द्र सरकार ने तेईसवें विधि आयोग के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। तीन वर्ष के लिए बनाए गये इस आयोग का कार्यकाल इकतीस अगस्त दो हजार सत्ताईस तक होगा। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

प्रदेश भाजपा आज से सदस्यता अभियान की शुरूआत करेगी। इस अभियान के तहत राज्य में एक करोड़ चौवन लाख से अधिक सदस्य बनाने के लिए चार स्तर पर निगरानी टोली बनाई गई है। इसमें पांच सदस्यीय प्रदेश स्तरीय सदस्यता निगरानी टीम के नीचे जिले में चार, मंडल में तीन और शक्ति केन्द्र स्तर पर एक सदस्य सहयोगी को अभियान के निगरानी का दायित्व दिया गया है। सदस्यता अभियान की जांच के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे एक व्यक्ति की सदस्यता दो बार नहीं हो सकेगी। इधर, नगर विकास और आवास मंत्री नितिन नवीन ने कहा है

कि सदस्यता अभियान के जरिए समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचकर उन्हें पार्टी से जोड़ा जाएगा।

---

प्रदेश के गांवों में चल रहे जमीन सर्वे के मद्देनजर राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने एक हफ्ते भीतर बचे हुए सभी गांवों में ग्रामसभा आयोजित करा लेने का निर्देश दिया है। अब तक अड़तीस हजार गांवों में ग्राम सभा की बैठक हो चुकी है। विभाग ने कहा है कि इच्छुक व्यक्ति विभाग की वेबसाइट या संबंधित मोबाईल ऐप पर दिये गये लिंक के माध्यम से जमीन से संबंधित सभी जानकारी ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं।

---

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही बढ़ाने के लिए जीआईएस–आधारित सॉफ्टवेयर पर लाइव निगरानी के लिए लगभग एक सौ टोल प्लाजा की पहचान की है। इन टोल प्लाजा का चयन एक शून्य तीन तीन राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त संकुलन प्रतिक्रिया के आधार पर किया गया है। निगरानी सेवा को चरणबद्ध तरीके से अधिक टोल प्लाजा तक बढ़ाया जाएगा। टोल प्लाजा का नाम और स्थान के अलावा, वेब सॉफ्टवेयर जिन विवरणों को साझाा करेगा उनमें वाहनों की कतार की लंबाई, कुल प्रतीक्षा समय और टोल प्लाजा पर वाहन की गति की लाइव स्थिति से संबंधित विवरण शामिल होंगे। यदि किसी टोल प्लाजा पर वाहनों की कतार निर्धारित सीमा से अधिक हो, तो यह चेतावनी और लेन वितरण अनुशंसा भी प्रदान करेगा।

---

पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी एक कथित नोटिस के बारे में अफवाहों का खंडन किया है। सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों के अनुसार भारतीय जीवन बीमा निगम इस महीने के अंत तक सभी बीमा उत्पादों और संशोधन योजनाओं को वापस लेने जा रही है। नकली नोटिस में दावा किया गया कि संशोधन से प्रीमियम और पॉलिसी के नियमों और शर्तों में बदलाव आएगा। फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि यह दावा फर्जी है और बीमा एजेंसी की ओर से ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है।

---

बक्सर के मूर्तिकार पिन्टू प्रसाद को हस्तशिल्प के क्षेत्र में उल्लेखीनय योगदान के लिए वर्ष दो हजार तेईस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पिन्टू बिहार के पहले कलाकार हैं, जिनका चयन इस पुरस्कार के लिए हुआ है। उन्हें पोट्री, सिरैमिक और टेराकोटा श्रेणी में यह पुरस्कार मिलेगा। पिन्टू को शिव आराधना में लीन भगवान गणेश की ग्यारह सर वाली टेराकोटा मूर्ति बनाने के लिए यह सम्मान दिया जाएगा।

---

पेरिस पैरालिंपिक दो हजार चौबीस के पांचवे दिन भारत पदक तालिका में पंद्रहवें स्थान पर पहुंच गया है। सुमित अंतिल ने भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

रेलवे ने पटना समेत दस प्रमुख स्टेशनों पर रेल नीर की बिक्री अनिवार्य कर दी है। पूर्व मध्य रेलवे के तहत इनमें पटना जंक्शन सहित राजेन्द्र नगर टर्मिनल, गया, धनबाद, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, समस्तीपुर और दरभंगा स्टेशन शामिल है। रेलवे ने अन्य स्टेशनों पर निजी कंपनियों को पैकेज्ड पेयजल के प्रमाणित बारह ब्रांडों को सूचीबद्ध किया है। इधर, दक्षिण–पश्चिम रेल मंडल के तहत तेलंगाना में ट्रैक पर पानी भर जाने के कारण पटना आने वाली तीन ट्रेनों को एक दिन के लिए रद्द किया गया है। वहीं, पटना से दक्षिण भारत जाने वाली चार ट्रेनें रद्द की गयी हैं। इन ट्रेनों में दानापुर से चलने वाली बैंगलूरू स्पेशल ट्रेन, दानापुर–संघमित्रा ट्रेनें शामिल हैं।

---

परिवहन विभाग ने बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र की गाड़ियों पर लगने वाले जुर्माने की राशि में कटौती की है। संशोधित दरों के अनुसार अब चालान की राशि वाहनों की श्रेणी के अनुसार एक हजार से लेकर पांच हजार रूपये तक होगी। इससे पहले वाहनों पर दस हजार रूपये का जुर्माना लगता था। परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने कहा कि दूसरी बार नियम तोड़ने पर वाहन मालिक को अधिक जुर्माना देना होगा। उन्होंने बताया कि वाहन मालिकों को प्रदूषण प्रमाण पत्र तैयार करने के लिए सात दिन का समय भी दिया जाएगा।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा सत्रह नवम्बर को आयोजित होगी। इससे पहले यह परीक्षा तीस सितम्बर को होनी थी। आयोग ने इस संबंध में नोटिस जारी करते हुए कहा है कि अपरिहार्य कारणों से परीक्षा की तिथि बदली गई है।

---

प्रदेश में डेंगू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में तेरह नए मरीज की पुष्टि हुई है। इनमें पटना जिले से बारह मामले सामने आए हैं। पूरे राज्य में अबतक सात सौ पचहत्तर मरीज डेंगू से पीड़ित हैं।

---

पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी और टीएमसी सांसद कृति झा आजाद की पत्नी पूनम आजाद का कल निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार थीं। उनका अंतिम संस्कार बंगाल के दुर्गापुर स्थित दामोदर वैली घाट पर किया जाएगा। उनके निधन पर राजनीतिक, सामाजिक और क्रिकेट जगत से जुड़े गणमान्य लोगों ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

---

पश्चिम बंगाल के मालदह में आयोजित सब–जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मुकाबले में बिहार ने मेघालय को दस–शून्य से पराजित किया है। बिहार की ओर से अंशु ने सर्वाधिक चार गोल किये। बिहार की टीम का अगला मुकाबला कल गुजरात से होगा।

---

इधर, अररिया में कल से जिला स्तरीय वार्षिक खेल –कूद प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित नेताजी सुभाष स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, बॉलिबॉल, बूशु, बैडमिंटन और कराटे सहित कई मुकाबले होंगे।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सूबे के दो लाख बानवे हजार शिक्षकों के वेतन वृद्धि का रास्ता साफ। अखबार लिखता है – एससीईआरटी से प्रशिक्षित अध्यापकों को मिलेगा वार्षिक बढ़ोतरी का लाभ। **दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है – बिहार को छह हजार पांच सौ करोड़ रूपये की विशेष सहायता। **दैनिक जागरण** की सुर्खी है – हाईकोर्ट की तीखी टिप्पणी, अधिकारी अवमानना याचिका दायर किए बिना नहीं मानते हैं अदालत का आदेश। **प्रभात खबर** ने जातीय जनगणना से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – आरएसएस ने कहा – जातीय जनगणना जरूरी, पर न हो राजनीतिक इस्तेमाल। संघ ने जनगणना को राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के लिए बताया अहम। **आज अखबार** ने वाटर ट्रीटमेंट प्लान से जुड़ी खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुए लिखा है – रोहतास – औरंगाबाद को नीतीश की बड़ी सौगात। मुख्यमंत्री ने डिहरी में एक हजार तीन सौ पचास करोड़ रूपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया शिलान्यास। **राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है – अपराधियों की संपत्ति को ध्वस्त किये जाने पर सुप्रीम कोर्ट की आपत्ति। कोर्ट ने कहा – हम बतायेंगे कब चलेगा बुलडोजर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. केन्द्रीय मंत्रीमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने वायु सेना के एसयू–थर्टी एमकेआई विमानों के लिए दो सौ चालीस एयरो इंजन की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

02. केन्द्र सरकार ने तेईसवें विधि आयोग के गठन की अधिसूचना जारी की। इकतीस अगस्त दो हजार सत्ताईस तक होगा कार्यकाल।

03. बक्सर के मूर्तिकार पिन्टू प्रसाद को हस्तशिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

04. और, पेरिस पैरालिंपिक्स में सुमित अंतिल ने भाला फेंक प्रतिस्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। निशानेबाज अवनी लेखरा आज दूसरे स्वर्ण के लिए खेलेंगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।